# न्याय पाना हर नागरिक का मौलिक अधिकार

## न्याय के हर पक्ष पर मंथन करने की हमारी हजारों-लाखों वर्ष पुरानी परंपरा

- दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ
- व्यापार व विवाद निपटाने के कानून पर किया जा रहा मंथन



**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि न्याय पाना देश के हर नागरिक का मौलिक, बुनियादी, मानवीय और संवैधानिक अधिकार है.**

भारत की संघीय शासन व्यवस्था का आधार न्याय, जीवन, भोजन और स्वास्थ्य के अधिकारों की समान रूप से रक्षा करना है. लोक कल्याणकारी राज्य का पहला दायित्व है कि देश का कोई भी नागरिक न्याय पाने से वंचित न रहे. न्याय और सुशासन न केवल राष्ट्र और समाज को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि शासन की जवाबदेही भी सुनिश्चित करते हैं. उन्होंने कहा कि जिस विषय को लेकर समाज में अलग-अलग प्रकार की धाराएं बहती थीं. ज्वलंत विषयों को टालने की परंपरा थी. उसे टालने के बजाए सीना ठोककर फैसला देने और उस फैसले को लागू करने से भारत के प्रजातंत्र का मान दुनिया में बढ़ा है. मुख्यमंत्री इंदौर में डिजिटल दुनिया में वाणिज्यिक व मध्यस्ता कानूनों की जटिलता व नवाचार विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे.

### एआई से नई चुनौतियां आ रहीं सामने

सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अहसनुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा कि विधिक व्यवसाय तकनीकी प्रगति से अछूता नहीं रह सकता. आज जब तकनीक आधारित और स्वचालित अनुबंधों का दौर है, तब न्यायपालिका की यह जिम्मेदारी है कि न्याय, तकनीकी विकास की रफ्तार के बीच कहीं कमजोर न पड़े और न्याय प्रणाली भी उसी गति से विकसित होती रहे.

## सत्ता के गलियारों से



कन्हैया लोधी

### कॉन्फ्रेंस का पहला अनुभव

पिछले दिनों राजधानी में कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया. इस दो दिनी हाई-प्रोफाइल कॉन्फ्रेंस के लिये बड़े मैदानी अफसर राजधानी में जुटे. लगभग सात वर्ष के लंबे इंतजार के बाद हो रही इस तरह की कॉन्फ्रेंस में शामिल होना ज्यादातर कलेक्टर-एसपी के लिये पहला अनुभव रहा. ज्यादातर अफसर आज्ञाकारी और अनुशासित स्टूडेंट की तरह बड़े अफसरों की बातों को पूरा ध्यान से सुनते रहे. सीएस ने पहले ही अफसरों को ताकीद कर दिया था कि नोटपैड और पेन अफसर के पास होना कितना जरुरी होता है, बस फिर क्या था, ज्यादातर बड़े अफसरों की नसीहत को बीच-बीच में नोट भी करते रहे और इस बहाने वे जताते रहे कि वे कितनी संजीदगी से अपने अफसरों की बातें सुन रहे हैं. इन बातों का कितना असर होता है आने वाले दिनों में देखने मिलेगा.

### पहले पति और अब पत्नी को जिले की कमान

एक आईएएस दंपत्ति के लिये पिछले दिनों हुए तबादलों ने एक नये तरह का सुखद अनुभव दिला दिया. दरअसल इस जिले में एक ऐसी महिला अधिकारी को कलेक्टर बना दिया गया है, जहां कि उनके पति पहले कलेक्टरी कर चुके हैं. इस जिले में लगातार दो महिला कलेक्टर पदस्थ करने से पहले उनके पति ही जिले की कमान संभाल रहे थे, जब मैडम कलेक्टर की पदस्थापना मंत्रालय की पांचवीं मंजिल से महाकौशल के एक जिले में की गई थी, तब उनके पति पास के जिले में ही कलेक्टर का दायित्व संभाल रहे थे, लेकिन कुछ समय बाद ही पति को एक दूसरी जिम्मेदारी देते हुए भोपाल में पदस्थ कर दिया गया. बेहद नम्र मिजाज की मैडम कलेक्टर को अब अपने पति के अनुभव का भी लाभ मिलने लगा है. उन्हें जिले के मिजाज को समझने में किसी और सूत्र की जरुरत ही नहीं पड़ी.

### सहजता जो किसी अदा से कम नहीं

प्रदेश भाजपा संगठन में बड़ी जिम्मेदारी संभाल रहे नेताजी के लिये कामकाज नया-नया ही है. उनकी सद्भावना गाहे- बगाहे प्रदर्शित भी हो जाती है. कद में अपने से कमतर नेआओं के सामने भी वे कई बार इतने सहज और सरल रहते हैं कि देखने से लगता है कि जैसे उन्हें ही कोई सीख दी जा रही हो. बताया जा रहा है कि उनकी ये सहजता उनकी अदा है. ये नेताओं को पूरा मौका दे रहे हैं जिससे कि अंदर-बाहर की बातें उनके सामने पूरी बेबाकी से सामने आये. और यदि किसी मामले में चाबुक चलाना पड़े तो फिर ये पॉवर तो उनके हाथ में है ही.

### हाशिये में चल रहे नेताजी को बिहार में बड़ी जिम्मेदारी

कभी सरकार में अपनी कार्यशैली का लोहा मनवा चुके भाजपा के कद्दावर नेताजी के पास लंबे समय से कोई बड़ा काम नहीं था, लेकिन अब जाकर उनकी सुध केंद्रीय नेतृत्व ने ली है. उनको बिहार के चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है. उन्हें कुछ विधानसभा सीटों का प्रभारी बना दिया गया है. वैसे वे अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन उप्र विधानसभा चुनाव के अलावा दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान भी कर चुके हैं.

## बिना अनुमति रैली, जुलूस, धरना और प्रदर्शन पर प्रतिबंध

**ग्वालियर.** ग्वालियर जिले की सीमा के भीतर अब बिना अनुमति के किसी भी सार्वजनिक स्थल पर रैली, जुलूस, धरना या प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत इस संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है. आदेश के अनुसार, ऐसे आयोजनों के लिए सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा. संबंधित अनुविभागीय अधिकारी अपने क्षेत्र में तथा एक से अधिक अनुविभाग में कार्यक्रम के लिए अपर जिला दण्डाधिकारी ग्वालियर से अनुमति देंगे. जिला दण्डाधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और एक्स (ट्विटर) पर भ्रामक, भड़काऊ या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट डालने और फारवर्ड करने पर भी रोक लगाई है. इसके साथ ही किसी धर्म, व्यक्ति, संप्रदाय, जाति या समुदाय के खिलाफ भड़काऊ भाषा वाले कट-आउट, बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स, होर्डिंग या झंडे लगाने पर भी प्रतिबंध रहेगा.



### प्रदेश अध्यक्ष ने त्रिशा तावड़े का किया अभिनंदन

**भोपाल.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को बैतूल विधानसभा के ग्राम भडूस की बेटी एवं शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की प्रतिभाशाली छात्रा त्रिशा तावड़े के निवास पहुंचकर उन्हें दिल्ली में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से सम्मानित होने पर अभिनंदन किया.

## बहनों को 1500 नहीं बल्कि 1250 मिलेंगे

### श्योपुर के मेला ग्राउंड में होगा कार्यक्रम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 11 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार 12 अक्टूबर को श्योपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की लगभग 1 करोड़ 26 लाख 86 हजार लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 29वीं किस्त 1541 करोड की राशि का अंतरण करेंगे.**

दीपावली से पहले बहनों को प्रतिमाह 1500 रुपये देने की घोषणा की गई थी, लेकिन सीएम रविवार को जो राशि अंतरित करेंगे, वह 1250 रुपये ही है. फिलहाल दीपावली से पहले 250 रुपये और अतिरिक्त राशि देंगे, ये साफ नहीं है. क्योंकि महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस संबंध में अब तक वित्त विभाग को प्रस्ताव नहीं भेजा है.

बताया जा रहा है कि वित्त विभाग को महिला एवं बाल विकास विभाग ने पखवाड़ा भर पहले लाड़ली बहना योजना के तहत 1250 रुपये ही देने का प्रस्ताव भेजा था, जिस पर प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति मिली है, लेकिन अब तक और अतिरिक्त राशि देने संबंधी कोई प्रस्ताव वित्त विभाग में लंबित नहीं है. ऐसे में संशय की स्थिति बन गई है कि दीपावली से पहले बहनों को केवल 1250 रुपये की राशि ही मिलेगी, या फिर और अतिरिक्त राशि देकर इसे 1500 रुपये इसी माह से किया जाएगा.

रविवार को श्योपुर के मेला ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम से मुख्यमंत्री श्योपुर जिले के 98.87 करोड़ के विकास कार्यो का लोकार्पण करेंगे तथा 460.40 करोड़ के निर्माण तथा विकास कार्यो का शिलान्यास करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे. महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो के तहत एनआरएलएम तहत संचालित स्व-सहायता समूह की महिलाओं को 30 करोड़ 12 लाख रूपये की सीसीएल राशि का चैक सौपेंगे.

## छिंदवाड़ा त्रासदी पर मुकेश नायक ने बीजेपी को घेरा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 11 अक्टूबर. कांग्रेस मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने शनिवार को मध्यप्रदेश के भाजपा नेताओं पर छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत के मामले को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाया.**



नायक ने कहा कि इस दर्दनाक घटना के बावजूद न तो मुख्यमंत्री और न ही स्वास्थ्य मंत्री ने अब तक कोई संतोषजनक जवाब दिया है. उन्होंने आरोप लगाया कि जब मीडिया ने उनसे सवाल किए, तो भाजपा नेता टालमटोल और असंवेदनशील रवैया अपनाते दिखे. नायक ने कहा कि यह पूरे प्रदेश को झकझोर देने वाली त्रासदी है और दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए.


## सेफ्टी के नाम पर कोरमपूर्ति, नहीं है सुरक्षा उपकरण

- जान जोखिम में डालकर कार्य कर रहे हैं बिजली विभाग के कर्मचारी, हादसे का इंतजार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 अक्टूबर। सेफ्टी के नाम पर सिर्फ कोरमपूर्ति का खेल विद्युत विभाग में चल रहा है। यहां के लाइनमैन बिना उपकरण के बिजली के कार्य कर रहे हैं, अगर कोई हादसा हो जाए तो कौन जिम्मेदार होगा। इसके बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों की नींद नहीं खुल रही है।**

इधर बता दे कि जिला मुख्यालय बैढ़न के मल्हार पार्क के पास आज दिन शनिवार को ट्रांसफार्मर लगाने का काम चल रहा था, जहां बिजली विभाग के कर्मचारी तकरीबन 20 फीट ऊंचाई के खंभे पर चढ़कर मेंटेनेंस का काम कर रहे थे। इन कर्मचारियों के पास सुरक्षा के कोई भी उपकरण नहीं था, जबकि चंद दूरी पर बिजली विभाग का दफ्तर भी है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने निरीक्षण करने की जहमत नहीं जुटा पाते हैं या फिर यह कहे की बिजली विभाग में सुरक्षा के कोई उपकरण नहीं है, जिसके चलते बिजली का काम कर रहे कर्मचारियों को दिया ही नहीं गया है। जबकि कई ऐसी घटनाएं देखने और सुनने को मिल चुकी है। इसके बावजूद



बिजली विभाग के कर्मचारी बिना सुरक्षा के बिजली खम्भों पर चढ़कर कार्य करते हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है, प्रतिदिन इसी तरीके से बिजली जब खराब होती है तो मेंटेनेंस करने के लिए बिजली विभाग के कर्मचारी दौड़ते करंट में बिना सुरक्षा उपकरण के काम कर रहे हैं। बिजली विभाग के कई कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विभाग के द्वारा सुरक्षा के उपकरण नहीं दिए जाते हैं, जिसके चलते बिना सुरक्षा के ही बिजली के खंभो पर चढ़ने को मजबूर हैं। अगर कोई हादसा हो जाए तो इसका जिम्मेदार कोई नहीं है। लेकिन अपने परिवार व बाल बच्चों का भरण पोषण करने के लिए काम करना पड़ता है। लेकिन जिस तरीके से सुरक्षा को नजर अंदाज कर बिजली विभाग के कर्मचारी मेंटेनेंस का काम करते हैं, कहीं ना कहीं विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है।

## मजदूरों की शिकायत पर कंपनी मालिक व सुपरवाईजर सहित 5 लोगों पर अपराध दर्ज

**सिंगरौली 11 अक्टूबर।** एनसीएल परियोजना निगाही में संचालित एसडी सिंह एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी मजदूरों का शोषण कर रही है। कंपनी मालिक व सुपरवाईजर की ओर से 1250 की जगह श्रमिकों को 400 रुपए हर रोज की मजदूरी दी जा रही है। पूरा पैसा लेने पर श्रमिकों को मजदूरी से बाहर करने की धमकी मिल रही है। कंपनी से परेशान होकर श्रमिकों ने नवानगर थाने में मालिक व सुपरवाईजर सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक फरियादी सुनील कुमार शाह पिता जियालाल शाह निवासी देवरा ने थाने में शिकायत देते हुए बताया कि हमारे साथी संगम सिंह, राकेश शाह, सूरज यादव, राजेन्द्र कुमार शाह, रमेश शाह सहित अन्य कई एसडी सिंह एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करते हैं। शुरूआती में कंपनी की ओर से मजदूरी भुगतान 1250 रुपए हर रोज की दर से किया गया। इसके बाद कंपनी के मालिक एसडी सिंह व सुपरवाईजर अनूप सिंह, सुनील सिंह, वसीम अकरम व आशीष राणा की ओर से हम श्रमिकों का शोषण किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि 1250 की दर से सभी के खाते में राशि जाएगी लेकिन प्रत्येक दिन का 400 रुपए के हिसाब से काटकर अन्य राशि वापस करो। ऐसा नहीं करने पर श्रमिकों को मजदूरी से बाहर करने की धमकी दी जा रही है। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने कंपनी मालिक सहित पांच के खिलाफ बीएनएस की धारा 308(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## जीएसटी में हुये सुधारों से आम आदमी को राहत : सुन्दर

### देवसर विधानसभा के बरगवां मंडल में आयोजित हुआ सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 अक्टूबर। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी सुधार लागू होने के निमित्त देवसर विधानसभा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन नगर परिषद बरगवां के मुख्यालय में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह तथा मुख्य वक्ता के रूप मे क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र मेश्राम मौजूद रहे।**



विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व विधायक सुभाष वर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप शाह, जिलामंत्री प्रीती पनाड़िया, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ संयोजक विनोद द्विवेदी, पूर्व जिलामंत्री दिग्विजय सिंह ध्रुव मंचासीन रहे।

क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र मेश्राम अपने उद्बोधन में कहा कि आज यह 21वीं सदी का भारत अब वो भारत नहीं रह गया जैसा पूर्व की कांग्रेस और वामपंथियों की गठजोड़ वाली सरकारों ने पंगु बना कर छोड़ दिया था। आज का भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व मे अपनी छाप छोड़ रहा है। साथ ही अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि सुंदरलाल शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शिता पूर्ण निर्णयों ने आज सशक्त और स्वावलंबी भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया और एवं इंडिया फर्स्ट के सिद्धांतों ने देश की आत्मनिर्भरता को दुगुनी गति प्रदान की है। आज हमारे पीएम और सीएम जिस ऊर्जा के साथ देश एवं प्रदेश को संवारने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं वो एक प्रेरणा बन चुकी है। जीएसटी में हुये सुधारों से आम आदमी को राहत के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान की है और आज हमारी विकास दर दुनियां में सबसे अगले पायदान पर पहुंच चुकी है।

## जमोड़ी पुलिस ने लापता किशोर को 3 दिवस में बनारस से सुरक्षित किया बरामद

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 अक्टूबर, जमोड़ी पुलिस की तत्परता से लापता किशोर महज 3 दिवस में बनारस (उ.प्र.) से सुरक्षित बरामद किया गया।थाना जमोड़ी क्षेत्रांतर्गत दिनांक 07 अक्टूबर 2025 को एक परिजन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनका नाबालिग पुत्र घर से नानी के घर जाने की बात कहकर निकला था, परंतु न तो वह नानी के घर पहुंचा और न ही वापस लौटा।**

परिजनों द्वारा आस-पड़ोस एवं रिश्तेदारी में तलाश करने पर भी उसकी कोई जानकारी नहीं मिली।मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी ने मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया तथा पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं डीएसपी मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में विशेष पुलिस टीम गठित की गई।टीम द्वारा सतत प्रयास एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर महज 03 दिनों के भीतर लापता किशोर को बनारस ,उत्तर प्रदेश से दस्तयाब कर सुरक्षित थाना लाया गया। वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरांत किशोर को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। दस्तयाब किए गए किशोर से जब पुलिस ने घर से बाहर जाने का कारण पूछा, तो उसने बताया कि मोबाइल चलाने की बात को लेकर परिजनों द्वारा डांट-फटकार किए जाने पर वह मानसिक रूप से आहत हुआ और बिना बताए घर छोड़कर चला गया।

पुलिस ने बच्चे को समझाइश दी कि घर छोड़ना किसी समस्या का समाधान नहीं है तथा परिवार के साथ संवाद बनाकर अपनी बात रखना ही सबसे उचित मार्ग है।इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, सहायक उप निरीक्षक आर.डी. साकेत, प्रधान आरक्षक आशीष एवं आरक्षक के.पी. सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### चोरी का किया खुलासा, आरोपी सलाखों के पीछे

सीधी।जमोड़ी पुलिस की सक्रिय कार्यवाही में मोटरसाइकिल व नगदी चोरी का खुलासा होने के साथ ही आरोपी सलाखों के पीछे पहुंच गया।पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना जमोड़ी पुलिस ने घर में घुसकर मोटरसाइकिल एवं नगदी चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार फरियादी विनोद कुमार सिंह, निवासी ग्राम बंजारी, थाना जमोड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात के समय जब घर के सभी लोग सो रहे थे, किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर की बाउंड्री के अंदर खड़ी अपाची मोटरसाइकिल और घर के अंदर आलमारी में रखी लगभग 10 हजार नगद राशि चोरी कर ली।प्राप्त रिपोर्ट पर थाना जमोड़ी पुलिस ने तत्परता से जांच शुरू की और मुखबिर तंत्र के माध्यम से संदिग्ध संजय कोल, पिता जयकरण कोल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बंजारी को हिरासत में लिया।पुलिस द्वारा पूंछताछ करने पर प्रारंभ में आरोपी ने इंकार किया, किंतु बाद में पुलिस की दृढ़ता एवं साक्ष्यों के सामने आने पर उसने अपना जुर्म कबूल किया। आरोपी के बताए अनुसार चोरी की गई सामग्री मोटरसाइकिल एवं 10 हजार नगदी को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से जप्त किया।आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई में उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी थाना प्रभारी जमोड़ी,सहायक उप निरीक्षक गोविंद लाल,प्रधान आरक्षक राम खेलावन, आरक्षक राजू यादव पुलिस टीम का योगदान रहा।


**नाम सुधार सूचना**

मै नरेन्द्र सिंह पिता इन्द्रभान सिंह उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम पोस्ट नकैला तहसील मझगवां जिला सतना म.प्र. का निवासी होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मेरे सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम नरेन्द्र सिंह पिता इन्द्रभान सिंह दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बबलू सिंह दर्ज है. नरेन्द्र सिंह और बबलू सिंह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के यानी मेरे ही है. अतः मै अपने आधार कार्ड में दर्ज नाम बबलू सिंह के स्थान पर नरेन्द्र सिंह करवाना चाहता हूं. यदि उक्त नाम के संबंध में कोई आपत्ति होती है तो संपूर्ण जबाबदारी मेरी होगी.

सतना दिनांक-11.10.2025

**शपथकर्ता :- नरेन्द्र सिंह पिता इन्द्रभान सिंह**



**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला मैहर (म.प्र.)**

क्र.237/विशेष विवाह/2025 मैहर, दिनांक 12.6.25

**सार्वजनिक सूचना**

**विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-6 के तहत**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामायण प्रसाद साकेत पिता श्री रामदयाल साकेत उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम जोबा सगौनी खुर्द तहसील रामनगर जिला मैहर म.प्र. एवं आवेदिका आरती विश्वकर्मा पिता श्री गुड्डू विश्वकर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम हरई पो. चिरकिहिट तहसील लालगंज जिला आजमगढ़ उ.प्र. के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अन्तर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 12.6.25 को प्रस्तुत किया गया है.

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 15.10.2025 या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है. अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

आज दिनांक 12.6.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-मैहर (म.प्र.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला सिंगरौली (म.प्र.)**

क्रमांक/5832/ई-टेण्डरिंग/2025-26 सिंगरौली, दिनांक 10/10/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर | | कार्य का नाम | कार्य | | निविदा प्रपत्र | | निविदा की |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्रमांक | जारी दिनांक | | समयावधि | लागत | मूल्य | EMD | अंतिम तिथि |
| 1 | 455795 | 04/10/2025 | [Sewerage Project ofSINGRAULI MUNICIPAL CORPORATION under AMRUT 2.0 6th call) | 6 Months | 4,20,34,000 | 15,000 | 21,01,700 | 22-10-2025 |
| 2 | 453119 | 19-09-2025 | (Construction of Dog Sterilization Centre at Municipal Corporation Singrauli] | 4 Months | 34,77,388 | 5,000 | 50,000 | 22-10-2025 |
| 3 | 456259 | 07/10/2025 | (Purchace of Grass Cutting Machine and Repairing) | 1 Month | 2,72,500 | 2,000 | 5,450 | 22-10-2025 |
| 4 | 456267 | 07/10/2025 | [Arrangerment of firewood for Cremation) | 12 Months | 27,30,000 | 5,000 | 50,000 | 8/11/2025 |
| 5 | 456278 | 07/10/2025 | [Purchase of Water Supply Materlal] | 12 Months | 29,54,490 | 5,000 | 50,000 | 8/11/2025 |
| 6 | 456293 | 07/10/2025 | Construction of Shed and Drain Interlocking Floor PCC at Animal Rescue Center 2nd Call) | 2 Months | 15,13,087 | 2,000 | 30,262 | 22-10-2025 |
| 7 | 456294 | 07/10/2025 | (Supply and Fixing Flag Mast at Judwa Talab Near Majan Mod 4th Call] | 2 Months | 12,91,380 | 5,000 | 25,828 | 22-10-2025 |
| 8 | 456364 | 09/10/2025 | [Under Municipal Corporation Area Singraull Civil Work for Development of Green Forest Area] | 12 Months | 45,71,003 | 5,000 | 50,000 | 10/11/2025 |
| 9 | 456615 | 09/10/2025 | [Green Forest Area Muktidham Ganiyari Ward No.41 Under Municipal Corporation Area) | 12 Months | 38,21,416 | 5,000 | 50,000 | 10/11/2025 |
| 10 | 453239 | 19-09-2025 | [Offers inviting sterilization and immunization of stray dogs in SMC under animal birth control programme) | 12 Months | 11,55,640 | 2,000 | 23,113 | 22-10-2025 |

**नोट:-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलॉईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

**Executive Engineer**
**Muncipal Corporation Singrauli**